जग का पालनहार

जग का पालनहार,
जग का पालनहार, सेठ सांवरिया हमारा है,
वो हारे का सहारा है,
जग का पालनहार.....

मान न देखे, अपमान न देखे, ये भूखा प्यार का,
दुनिया से है न्यारा, जलवा बड़ा प्यारा, श्याम सरकार का,
मन को हर लेता,
मन को हर लेता, खाटू धाम का नजारा है...
वो हारे का सहारा है...
जग का पालनहार.....

हार आया जो, लाचार आया जो, सहारा दे दिया,
डूबती नैया, बाबा को जब सौंपी, किनारा दे दिया,
तभी तो घर घर में,
तभी तो घर घर में, गूंजे श्याम का जयकारा है,
वो हारे का सहारा है,
जग का पालनहार.....

जोड़ ले यारी, होगी नहीं हारी, तू बन जा श्याम का,
ये तेरा जीवन, धनश्याम प्यारे बिन, बता किस काम का,
तुझे भी तारेगा,
तुझे भी तारेगा, इसने लाखों को उबारा है,
ये हारे का सहारा है,
जग का पालनहार.....

टेरता पागल, मिलता नहीं साहिल, ये कश्ती थाम ले,
जीता है बृजवासी, संसार में हर पल, किशन तेरा नाम ले,
आज भक्तों ने,
आज भक्तों ने, तुम्हारे दर पे डेरा डाला है,
वो हारे का सहारा है,
जग का पालनहार,

- संकलनकर्ता
अमित अग्रवाल 'मीत'
मो. 9340790112

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7450/title/jag-ka-palanhaar-seth-sanwariya-hamara-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |